University in News on 28 May 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 79 केंद्रों पर होगी बीएड की परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की घोषणा कर दी है। परीक्षा का आयोजन लखनऊ समेत पांच जनपदों के 79 परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा केंद्रों की सूची और उन पर आवंटित कॉलेजों की सूची विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। लविवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा के लिए 18 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। इसके लिए विवि में कंट्रोलरूम भी बनाया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

न्यूज डायरी

लविवि की मारिया को माइक्रोसॉफ्ट में 1.25 लाख प्रति माह के पैकेज पर मिली इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस विभाग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और संकाय के डीन प्रो. एके. सिंह ने बधाई दी है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू पास करने के बाद छात्रा को यह ऑफर दिया है। इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी की पॉलिसी के तहत अन्य मद से भी छात्रा को एक लाख रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

योग से हम रह सकते हैं निरोग

माई सिटी रिपोर्टर

फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक

लविवि में हुए कार्यक्रम में मौजूद वक्ता। संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन का स्थापना दिवस और दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस मौके पर विभाग के शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

21 जून को होने वाले योग दिवस के तहत रोजाना सुबह छह से सात बजे तक योग हाल में योग शिविर चलेगा। इसमें विवि के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी व आमजन भी भाग ले सकते हैं। इसमें मधुमेह, ब्लड प्रेशर, दमा, मोटापा, पाचन के रोग, ऑर्थराइटिस व स्ट्रेस से संबंधित विशेष सत्रों का संचालन भी किया जाएगा। फैकल्टी के स्थापना समारोह का शुभारंभ प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी ने किया। संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि योग से हम निरोग रह सकते हैं। इस मौके पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रो. बीडी सिंह, प्रो. अशोक सोनकर, प्रो. राकेश, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा, डॉ. सुधीर मिश्रा, डॉ. रामकिशोर, डॉ. रामनरेश और शोभित सिंह शामिल रहे।

शोध में सांख्यिकी की भूमिका अहम

लखनऊ। लविवि के प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी ने कहा कि शोध के क्षेत्र में सांख्यिकी की भूमिका अहम है। वे सोमवार को विवि के सांख्यिकी विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी एवं डाटा एनालिसिस विषय पर हुए कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रो. कविता पाठक, प्रो. मसूद एच सिद्दीकी, डॉ. मुकेश और डॉ. अनुपमा सिंह भी मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

संभव है मानसिक बीमारियों का प्रबंधन

लखनऊ। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी ने कहा कि जीवनशैली और आहार में बदलाव से मानसिक बीमारियों का प्रबंधन आसानी से किया जा सकता है। वे सोमवार को लविवि के मनोविज्ञान विभाग में हुए कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने डिमेंशिया के निदान के लिए एमएमएसई, एमओसीए, डब्ल्यूएआईएस, आरएवीएलटी, एनपीआई, बीएनटी और सीडीटी के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला भी शामिल हुईं। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम शुरू

लखनऊ। एलयू के सांख्यिकी विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी एवं डाटा एनालिसिस पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम की मुख्य अथिति जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की निदेशक प्रो. कविता पाठक रहीं। प्रति कुलपति प्रो. अरविन्द अवस्थी और विभागध्यक्ष प्रो. मसूद एच. सिद्दीकी ने कार्यक्रम के बारे में बताया। इसमें पूरे देश से 90 से अधिक शोधकर्ताओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

एलयूः बीएड के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के मद्देनजर बीएड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू से पांच जिलों में बीएड के 124 कॉलेज संबद्ध हैं। इनके लिए 78 परीक्षा केंद्र और 18 नोडल सेंटर बनाए गए हैं।

मारिया को 1.25 लाख की इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा मारिया को माइक्रोसॉफ्ट ने 1.25 लाख प्रति माह की इंटर्नशिप प्रदान की है। कुलपति ने उनको बधाई दी। एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि मारिया का सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है।

अल्जाइमर, डिमेंशिया के बोर में विस्तार से बताया

लखनऊ। एलयू के मनोविज्ञान विभाग ने न्यूरोसाइकोलॉजी पर व्याख्यान आयोजित किया। न्यूरोसाइकोलॉजी : डिकोडिंग द माइंड-ब्रेन इंटरप्ले पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता भारतीय वायु सेना में कार्यरत एक प्रतिष्ठित मनोवैज्ञानिक डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी रहे। उन्होंने अल्जाइमर, वैस्कुलर डिमेंशिया, लेवी बॉडी डिमेंशिया और फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया, पार्किंसंस रोग, स्ट्रोक, मिर्गी, मस्तिष्क की चोट आदि के बारे में भी बताया।

i-NEXT PAGE 5

एलयू की छात्रा को 1.25 लाख पैकेज की इंटर्नशिप

LUCKNOW (27 May): लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तीसरे वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसाफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का आफर मिला है. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने छात्रा को बधाई दी. प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि मारिया खान का माइक्रोसाफ्ट कंपनी की ओर से आयोजित असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू को पास करने पर साफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है. इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी रिलोकेशन बेनिफिट्स पालिसी के तहत एक लाख रुपये अतिरिक्त भी देगी.

'योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक'

एलयू के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन में मनाया गया स्थापना दिवस

LUCKNOW (27 May) : 'योग मानवता की एक अनुपम सौगात है. संपूर्ण विश्व में शांति, स्वास्थ्य व सामंजस्य योग के माध्यम से स्थापित किया जा सकता है. भारतीय विश्वविद्यालयों में योग की शिक्षा दीक्षा दी जा रही है जो शुभ संकेत है. छात्र एवं आमजन के विकास में योग का आधारभूत कारक बन सकता है. यह विचार एलयू के प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने रखे. वह सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में संकाय के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे. इस अवसर पर उन्होंने एक माह तक चलने वाले योग के कार्यक्रमों से संबंधित प्रपत्र का विमोचन भी किया गया.

भारत की अनमोल धरोहर

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि योग भारत की एक अनमोल धरोहर है जो व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है. कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने कहा कि योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है. इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में डीन विधि संकाय प्रो. बीडी सिंह, डीन इंजीनियरिंग प्रो. अशोक कुमार सोनकर, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. राकेश कुमार सिंह निदेशक सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे.

आज से योग शिविर शुरू



28 मई से प्रतिदिन सुबह छह से सात बजे तक योग हाल में योग शिविर चलेगा, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी एवं आमजन भी भाग ले सकते हैं. मधुमेह ब्लड प्रेशर, दमा, मोटापा, पाचन के रोग अर्थराइटिस स्ट्रेस से संबंधित विशेष सत्रों का संचालन भी किया जाएगा.

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में रिसर्च मेथाडोलाजी एवं डाटा एनालिसिस विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में जयपुरिया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट की निदेशक प्रो. कविता पाठक, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद एच सिद्दीकी रहे. मुख्य अतिथि ने शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला.

NBT PAGE 4

LU में योग से दूर करेंगे आर्थराइटिस का स्ट्रेस

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के योग संकाय द्वारा बीपी, डायबिटीज, दमा, मोटापा, पाचन और आर्थराइटिस स्ट्रेस को दूर करने के लिए मंगलवार से विशेष सत्र आयोजित किये जाएंगे। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर सोमवार को योग हॉल में 25 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत भी हुई। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि शिविर प्रतिदिन सुबह छह से सात बजे तक चलेगा। इसमें आम लोग भी भाग ले सकते हैं। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी और डीन आरएसी प्रो. मनुका खन्ना मौजूद रहे।

LU की छात्रा को माइक्रोसॉफ्ट में मिली इंटर्नशिप

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के कंप्यूटर साइंस इंजिनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट में इंटर्नशिप का ऑफर मिला है। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान छात्रा को कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह मिलेंगे।

LU : बीएड के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

■ एनबीटी सं,लखनऊः एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के मद्देनजर बीएड परीक्षा के लिए सोमवार को परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई। स्टूडेंट विवि की वेबसाइट पर जाकर लिस्ट देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू से पांच जिलों में बीएड के 124 कॉलेज संबद्ध हैं। इनके लिए 78 परीक्षा केंद्र और 18 नोडल सेंटर बनाए गए हैं।

TOI PAGE 3

LU BTech student bags Microsoft paid internship

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University BTech (computer science) student Maria Khan has been selected for Rs 1.25 lakh per month internship of Microsoft.

According to LU officials, this is the highest internship amount offered to any LU student. "While pursuing engineering at LU I was simultaneously looking for internship. In Nov I applied for an internship at Microsoft. In the first round I had to clear the technical assignment stage in which my programming skills were tested. It was followed by two rounds of interview at Bengaluru," said Maria.

"I have been selected for the position of software engineer intern. During the internship, in addition to the monthly package of Rs 1.25 lakh, the company will also provide an additional Rs 1 lakh under the relocation benefits policy," she said.

"Maria has done our university proud. Her hard work, dedication and talent have brought her to this point. We hope that her success will inspire other students as well," said vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

LOKSATYA PAGE 3

न्यूरोसाइकोलॉजीः अल्जाइमर, वैस्कुलर डिमेंशिया पर हुई चर्चा

शिक्षा

● लविवि में डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी ने लिया हिस्सा

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने न्यूरोसाइकोलॉजी पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जिसका शीर्षक था "न्यूरोसाइकोलॉजीः डिकोडिंग द माइंड-ब्रेन इंटरप्ले" । इस सत्र की संयोजिका डॉ अर्चना शुक्ला, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग थीं। सत्र के वक्ता डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी थे, जो एक मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ और भारतीय वायु सेना में कार्यरत एक प्रतिष्ठित मनोवैज्ञानिक, अपोलो क्लिनिक और संजीवनी अस्पताल में सलाहकार और अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। उन्हें दुनिया के सबसे कम उम्र के न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट के रूप में भी जाना जाता है। डॉ. सोढ़ी ने अपने सत्र की शुरुआत न्यूरोसाइकोलॉजी के व्यापक अवलोकन के साथ की, जिसमें न्यूरोलॉजी के क्षेत्र और पारंपरिक प्रतिमान का परिचय दिया गया। उन्होंने मस्तिष्क विकास समयरेखा और विभिन्न इमेजिंग तकनीकों को कवर किया, जिसमें ECoG, EEG, CT/PET, MRI, हाई-टेस्ला MRI, fMRI, MEG, DTI और NIRS/fNIRS शामिल थे। इसके बाद, उन्होंने मस्तिष्क के कार्यों के स्थानीयकरण और पार्श्वकरण, न्यूरोप्लास्टिसिटी, तंत्रिका दोलन, तंत्रिका समूह और कनेक्टोम जैसी अवधारणाओं पर गहन चर्चा की। उनके व्याख्यान में अल्जाइमर, वैस्कुलर डिमेंशिया, लेवी बॉडी डिमेंशिया और फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया, पार्किंसंस रोग, स्ट्रोक, मिर्गी, मस्तिष्क की चोट, मल्टीपल स्केलेरोसिस और ए.एल.एस. जैसे सामान्य न्यूरोलॉजिकल विकारों के बारे में भी बताया गया, साथ ही उनके प्रबंधन के तरीकों जैसे कि जीवनशैली और आहार में बदलाव के बारे में भी बताया गया। उन्होंने दर्शकों को ₹न्यूरोबिक्स₹ और ध्यान से भी परिचित कराया जो न्यूरोलॉजिकल और मनोवैज्ञानिक लक्षणों को सुधारने में बहुत प्रभावी है। डिमेंशिया के निदान के लिए न्यूरोसाइकोलॉजिकल टेस्ट जैसे कि एमएमएसई, एमओसीए, डब्ल्यूएआईएस, आरएवीएलटी, एनपीआई, बीएनटी और सीडीटी के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया। अंत में, उन्होंने सच्चिदानंद के दर्शन पर चर्चा की- चेतना का अनुभव ही परम आनंद है। उन्होंने न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग (एनएलपी) की अवधारणा के साथ सत्र का समापन किया और भाषा के कार्य पर जोर दिया। डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी के न्यूरोसाइकोलॉजी पर दिए गए आकर्षक व्याख्यान ने हमें हमारे मन और मस्तिष्क के बीच के जटिल संबंधों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। जैसे-जैसे हम इस क्षेत्र में और अधिक अन्वेषण करेंगे, यह चेतना, स्वतंत्र इच्छा और मानव अनुभव के सार के बारे में विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देगा।

योग मानवता को एक अनुपम सौगातः प्रो. अरविंद अवस्थी

कार्यक्रम

● योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में फैकल्टी का स्थापना दिवस तथा दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के क्रम में 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम फैकल्टी के योग हाल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी प्रति कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.मनुका खन्ना डीन आर.ए. सी.लखनऊ विश्वविद्यालय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया प्रो.अरविंद अवस्थी ने बताया कि योग मानवता को एक अनुपम सौगात है। संपूर्ण विश्व में शांति,स्वास्थ्य,सामंजस्य योग के माध्यम से स्थापित किया जा सकता है। भारतीय विश्विद्यालयों में योग की शिक्षा दीक्षा दी जा रही है जो शुभ संकेत है। छात्र एवं आमजन के विकास में योग का आधारभूत कारक बन सकता है। इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले योग के कार्यक्रमों से संबंधित प्रपत्र का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि योग दिवस का कार्यक्रम इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है,प्रतिदिन योगाभ्यास से शारीरिक विकास के साथ व्यक्ति मानसिक स्तर पर विकसित होता है। योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है, कल से प्रतिदिन प्रात 6:00 से 7:00 बजे तक योग हाल में योग शिविर चलेगा जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक,छात्र-छात्राएं,कर्मचारीगण एवं आम जन भी भाग ले सकते हैं। मधुमेह ब्लड प्रेशर, दमा,मोटापा,पाचन के रोग अर्थराइटिस स्ट्रेस से संबंधित विशेष सत्रों का संचालन भी किया जाएगा,ऐसे रोगी जो इन रोगों से पीड़ित है प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रो. मनुका खन्ना ने अपने संबोधन में बताया की योग भारत की एक अनमोल धरोहर है जो व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है। विभाग के शिक्षकों को सम्मानित किया गया प्रो.बी.डी.सिंह डीन लॉ फैकल्टी,प्रो.अशोक कुमार सोनकर डीन फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन,प्रो.राकेश कुमार सिंह निदेशक द्वितीय परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय तथा विभाग के शिक्षक डॉ.उमेश कुमार शुक्ला,डॉ.सत्येंद्र कुमार मिश्रा, डॉ.सुधीर मिश्रा,डॉ.रामकिशोर,डॉ,रामनरेश एवं श्री शोभित सिंह एवं छात्र-छात्राएं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लविवि की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट में मिली इंटर्नशिप

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है।

छात्रा की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने बधाई दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा, मारिया खान की यह उपलब्धि हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। हम आशा करते हैं कि उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि मारिया खान का माइक्रोसॉफ्ट कंपनी द्वारा आयोजित असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू को पास करने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है। इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी, रिलोकेशन बेनिफिट्स पालिसी के तहत 1 लाख रुपये अतिरिक्त भी प्रदान करेगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

शरीर का सर्वांगीण विकास करता है योग : प्रो. अरविंद

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन का स्थापना दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ। 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत विशेष सत्र के संचालन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी ने कहा कि योग शरीर का सर्वांगीण विकास करता है। इसके सहारे नए चेतना और स्फूर्ति आती है। डीन प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि योग संपूर्ण विश्व में शांति, स्वास्थ्य और सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो.बीडी सिंह, प्रो.राकेश कुमार सिंह, डॉ.उमेश कुमार शुक्ला सहित विभाग के काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आज से शुरू होंगे योग शिविर : मंगलवार से लविवि में प्रतिदिन प्रात 6 बजे से 7 बजे तक योग हॉल में शिविर चलेगा। इसमें मधुमेह, ब्लड प्रेशर, दमा, मोटापा, पाचन के रोगअर्थराइटिस स्ट्रेस से संबंधित विशेष सत्रों का संचालन भी किया जाएगा।

लविवि की छात्रा को माइक्रोसॉफ्ट में मिला 1.25 लाख का पैकेज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया है कि मारिया खान का माइक्रोसॉफ्ट कंपनी की ओर से आयोजित असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू को पास करने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है। इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी पालिसी के तहत एक लाख रुपये अतिरिक्त प्रदान करेगी।

मस्तिष्क विकास पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने न्यूरोसाइकोलॉजी पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया। न्यूरोसाइकोलॉजी : डिकोडिंग द माइंड-ब्रेन इंटरप्ले शीर्षक से जुड़े विषय पर मनोविज्ञान की सत्र संयोजिका डॉ. अर्चना शुक्ला ने विस्तार से जानकारी दी। सत्र वक्ता के रूप में डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी रहे। साथ ही मन और मस्तिष्क के बीच के जटिल संबंधों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया।

मेथाडोलॉजी एवं डाटा एनालिसिस विषय पर कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी एवं डाटा एनालिसिस विषय पर एक सप्ताह चलने वाले फैकल्टी डेवलपमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 90 से अधिक शोधकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। जयपुरिया इंस्टीट्यूट की निदेशक प्रो. कविता पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

लविविः बीएड सेमेस्टर के केंद्र निर्धारित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए सेमेस्टर के केंद्रों को निर्धारित कर दिया है। सीएसएन पीजी कॉलेज हरदोई में सात केंद्र, एससी बोस महाविद्यालय में सात केंद्र और डॉ. राममनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज में एक केंद्र बनाए गए है। हरदोई के अलावा सीतापुर और लखनऊ में भी केंद्र का निर्धारण हुआ है।

योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक : डॉ. अमरजीत

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में फैकल्टी का स्थापना दिवस और दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की कड़ी में 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। फैकल्टी के योग हाल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.अरविंद कुमार अवस्थी प्रति कुलपति लविवि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.मनुका खन्ना डीन आरएसी, लविवि रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रो.अरविंद अवस्थी ने बताया कि योग मानवता को एक अनुपम सौगात है, संपूर्ण विश्व में शांति, स्वास्थ्य, सामंजस्य योग के माध्यम से स्थापित किया जा सकता है। भारतीय विश्विद्यालयों में योग की शिक्षा दीक्षा दी जा रही है जो शुभ संकेत है। छात्र एवं आमजन के विकास में योग आधारभूत कारक बन सकता है। इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले योग के कार्यक्रमों से संबंधित प्रपत्र का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कोऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने कहा कि योग दिवस का कार्यक्रम इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। प्रतिदिन योगाभ्यास से शारीरिक विकास के साथ व्यक्ति मानसिक स्तर पर विकसित होता है।

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम प्रारंभ

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

मारिया को माइक्रोसॉफ्ट में १.२५ लाख पर इंटर्नशिप

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है। छात्रा की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बधाई दी। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि मारिया खान की यह उपलब्धि लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हम आशा करते हैं कि उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि मारिया खान का माइक्रोसॉफ्ट कंपनी द्वारा आयोजित असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू को पास करने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है। इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी, रिलोकेशन बेनिफिट्स पालिसी के तहत 1 लाख रुपये अतिरिक्त भी प्रदान करेगी।

शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी एवं डाटा एनालिसिस विषय पर एक सप्ताह चलने वाले फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में प्रो.कविता पाठक, निदेशक,जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ, प्रो.अरविन्द अवस्थी, प्रतिकुलपति लविवि, प्रो.मसूद एच.सिदद्ीकी, विभागाध्यक्ष सांख्यिकी विभाग, डॉ.मुकेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक, डॉ.आकाश अस्थाना, कार्यक्रम समन्वयक,डॉ.अनुपमा सिंह कार्यक्रम सह समन्वयक एवं विभाग के अन्य तमाम शिक्षक उपस्थित रहें।उक्त आयोजन के शुभांरभ में डॉ.मुकेश कुमार द्वारा पूरे सप्ताह के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिकुलपति एवं मुख्य अतिथि प्रो.कविता पाठक द्वारा शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। विभागाध्यक्ष प्रो.मसूद एच.सिदद्ीकी द्वारा आयोजन के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनुपमा सिंह द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूरे देश से 90 से अधिक शोधकर्ताओं एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

योग मानवता को एक अनुपम सौगात : प्रो.अरविंद अवस्थी

● लविवि के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में फैकल्टी का स्थापना दिवस सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में फैकल्टी का स्थापना दिवस तथा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के क्रम में 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम फैकल्टी के योग हाल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.मनुका खन्ना डीन आरएसी लखनऊ विश्वविद्यालय थीं।

प्रो. अरविंद अवस्थी ने बताया कि योग मानवता को एक अनुपम सौगात है, संपूर्ण विश्व में शांति, स्वास्थ्य, सामंजस्य योग के माध्यम से स्थापित किया जा सकता है। भारतीय विश्वविद्यालयों में योग की शिक्षा दीक्षा दी जा रही है, जो शुभ संकेत है। छात्र एवं आमजन के विकास में योग का आधारभूत कारक बन सकता है। इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले योग के कार्यक्रमों से संबंधित प्रपत्र का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि योग दिवस का कार्यक्रम इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है, प्रतिदिन योगाभ्यास से शारीरिक विकास के साथ व्यक्ति मानसिक स्तर पर विकसित होता है। योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है, कल से प्रतिदिन सुबह 6:00 से 7:00 बजे तक योग हाल में योग शिविर चलेगा, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, कर्मचारीगण एवं आम जन भी भाग ले सकते हैं। मधुमेह ब्लड प्रेशर, दमा, मोटापा, पाचन के रोग अर्थराइटिस स्ट्रेस से संबंधित विशेष सत्रों का संचालन भी किया जाएगा। ऐसे रोगी जो इन रोगों से पीड़ित है प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि योग भारत की एक अनमोल धरोहर है जो व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों को सम्मानित किया गया प्रो. बीडी सिंह डीन लॉ फैकल्टी, प्रो. अशोक कुमार सोनकर डीन फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, प्रो.राकेश कुमार सिंह निदेशक द्वितीय परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय तथा विभाग के शिक्षक डॉ. उमेश कुमार शुक्ला, डॉ.सत्येंद्र कुमार मिश्रा, डॉ.सुधीर मिश्रा, डॉ.रामकिशोर, डॉ. रामनरेश एवं शोभित सिंह और छात्र-छात्राएं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लविवि की छात्रा मारिया को मिली 1.25 लाख के पैकेज पर इंटर्नशिप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मारिया खान को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में 1.25 लाख रुपये प्रति माह के पैकेज पर इंटर्नशिप का ऑफर मिला है।

छात्रा की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बधाई दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि मारिया खान की यह उपलब्धि हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हम आशा करते हैं कि उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि मारिया खान का माइक्रोसॉफ्ट कंपनी द्वारा आयोजित असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू को पास करने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न पद पर चयन हुआ है। इंटर्नशिप के दौरान 1.25 लाख रुपये प्रति माह के साथ ही कंपनी, रिलोकेशन बेनिफिट्स पालिसी के तहत एक लाख रुपये अतिरिक्त भी देगी।

छात्रों को न्यूरोलॉजिकल विकारों के बारे में दी जानकारी

● लविवि के मनोविज्ञान विभाग ने न्यूरोसाइकोलॉजी पर विशेष व्याख्यान सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने न्यूरोसाइकोलॉजी पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जिसका शीर्षक न्यूरोसाइकोलॉजीः डिकोडिंग द माइंड-ब्रेन इंटरप्ले था। इस सत्र की संयोजिका व मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना शुक्ला थीं। सत्र के वक्ता डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी थे, जो एक मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ और भारतीय वायु सेना में कार्यरत एक प्रतिष्ठित मनोवैज्ञानिक, अपोलो क्लिनिक और संजीवनी अस्पताल में सलाहकार और अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। उन्हें दुनिया के सबसे कम उम्र के न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट के रूप में भी जाना जाता है। डॉ. सोढ़ी ने अपने सत्र की शुरुआत न्यूरोसाइकोलॉजी के व्यापक अवलोकन के साथ की, जिसमें न्यूरोलॉजी के क्षेत्र और पारंपरिक प्रतिमान का परिचय दिया गया। उन्होंने मस्तिष्क विकास समयरेखा और विभिन्न इमेजिंग तकनीकों को कवर किया, जिसमें ईसीओजी, ईईजी, सीटी/पीईटी, एमआरआई, हाई-टेस्ला एमआरआई, एमईजी, डीटीआई और एनआईआरएस/एफएनआईआरएस शामिल थे। इसके बाद उन्होंने मस्तिष्क के कार्यों के स्थानीयकरण और पार्श्वकरण, न्यूरोप्लास्टिसिटी, तंत्रिका दोलन, तंत्रिका समूह और कनेक्टोम जैसी अवधारणाओं पर गहन चर्चा की। उनके व्याख्यान में अल्जाइमर, वैस्कुलर डिमेंशिया, लेवी बॉडी डिमेंशिया और फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया, पार्किंसंस रोग, स्ट्रोक, मिर्गी, मस्तिष्क की चोट, मल्टीपल स्केलेरोसिस और एएलएस जैसे सामान्य न्यूरोलॉजिकल विकारों के बारे में भी बताया गया। साथ ही उनके प्रबंधन के तरीकों जैसे कि जीवनशैली और आहार में बदलाव के बारे में भी बताया गया। उन्होंने दर्शकों को ₹न्यूरोबिक्स₹ और ध्यान से भी परिचित कराया जो न्यूरोलॉजिकल और मनोवैज्ञानिक लक्षणों को सुधारने में बहुत प्रभावी है। डिमेंशिया के निदान के लिए न्यूरोसाइकोलॉजिकल टेस्ट जैसे कि एमएमएसई, एमओसीए, डब्ल्यूएआईएस, आरएवीएलटी, एनपीआई, बीएनटी और सीडीटी के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया।

अंत में उन्होंने सच्चिदानंद के दर्शन पर चर्चा की- चेतना का अनुभव ही परम आनंद है। उन्होंने न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग (एनएलपी) की अवधारणा के साथ सत्र का समापन किया और भाषा के कार्य पर जोर दिया। डॉ. नितनेम सिंह सोढ़ी के न्यूरोसाइकोलॉजी पर दिए गए आकर्षक व्याख्यान ने हमें हमारे मन और मस्तिष्क के बीच के जटिल संबंधों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। जैसे-जैसे हम इस क्षेत्र में और अधिक अन्वेषण करेंगे, यह चेतना, स्वतंत्र इच्छा और मानव अनुभव के सार के बारे में विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देगा।